हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

## Faculty of Information Technology & Computer Science

# Turn Your Passion for Tech Into a High-Growth Career.

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

**Postgraduate**
- MCA
- M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science
- PGDCA
- Master of Animation & VFX

**Diploma**
- Diploma in Computer Applications (DCA)

**New-Age Specialisations**
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi Tech Animation

**Powered by Industry Experts**
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari eblu for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF)
- 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship




+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप



### वनों में आगजनी रोकने अभियान

**डोंगरगढ़।** उत्तर बोरतलाव वन परिक्षेत्र में वनों में लगने वाली आग पर निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। आग लगने की सूचना मिलने पर टीम द्वारा तुरंत पहुंचकर आग पर प्रभावी रूप से काबू पाया जा रहा है। वनों की सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा फायर ब्लोवर एवं फायर बीटर जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। वन कर्मियों को सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु एंटी स्नेर वॉक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत वन कर्मी वन क्षेत्रों का भ्रमण कर शिकार के लिए लगाए गए फंदों की खोज कर हटा रहे हैं। वन विभाग जंगलों में आग लगने की सूचना देने की अपील की है।

### रूपा मुंदड़ा बनी प्रदेश अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष के रूप में रूपा मुंदड़ा का चयन हुआ है। नवनिर्वाचित अध्यक्षरूपा मुंदड़ा विकास मुंदड़ा की धर्मपत्नी एवं स्व प्रकाशचंद्र गट्टानी की पुत्री है। वह लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उनके अध्यक्ष बनने पर संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शोध पीठ में प्रो राजन यादव बाह्य विशेषज्ञ

**खैरागढ़।** बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विवि में प्रदेश के अखिल भारतीय ख्यात साहित्यकार डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र के नाम पर स्थापित शोध पीठ मे इंदिरा कला संगीत विवि के प्रो राजन यादव को तीन सालों के लिए बाह्य विशेषज्ञ के रूप मे मनोनीत किया गया। संगीत विवि के हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो राजन यादव लोक और शास्त्र में रामकथापरक बीस से अधिक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित हो चुके हैं और राजनांदगांव में हर साल आयोजित होने वाले जयंती समारोह मे मिर जी के साहित्य पर विशेष व्याख्यान देते आ रहे है।

गौरतलब है कि संगीत विवि मे 70-71 मे एक साल उपकुलपति के रूप मे सेवा और अस्सी से अधिक ग्रन्थों के रचयिता मिश्र जी के रामकथापरक तीन महाकाव्य कोशल किशोर, साकेत संत व रामराज्य विशेष उल्लेखनीय हैं। 1940 से 1960 के मध्य रामकथपरक महाकाव्य लिखने वाले साहित्यकारों में उनका प्रथम स्थान है। उनके नाम पर स्थापित शोध पीठ में प्रो राजन यादव को मनोनीत करना संगीत विवि के लिए गर्व का विष्य है।

## शहर के ऐतिहासिक शीतला मंदिर में दो देवियों का हुआ मिलन, नवरात्र पर्व का समापन

# ज्योत कलश विसर्जित, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

### समूचे आयोजन के दौरान प्रशासन रहा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नौ दिनों तक भक्तिभाव से पूजा अर्चना के बाद जन जन की आस्था की प्रतीक मां बम्लेश्वरी के मंदिर में स्थापित सैकड़ों ज्योत कलशों का मानव श्रंखला बनाकर किया गया। ढोल नगाडे और शहनाई की मधुर धुन के बीच निकली शोभा यात्रा में हजारों दर्षनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर विदाई दिया।

प्रातः उपर मंदिर में स्थापित ज्योति कलशों को ट्रस्टी चंद्रप्रकाष मिश्रा एवं गौतम चोपडा की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ शांत किया गया। परंपरा के अनुरूप नीचे मंदिर के 901 ज्योति कलशों महिलाएं शोभायात्रा के साथ महावीर मंदिर तालाब पहुंची जहां इनका विसर्जन किया गया। विसर्जन के पहले काल भैरव, बटुक भैरव, छिन्नमस्ता माता के आहवान के साथ माता की प्रथम ज्योत की पूजा अर्चना कर हनुमान जी से विसर्जन की अनुमति ली गई।

### देवी देवताओं की पूजा

विसर्जन की शुरूवात रात 11 बजे हुई। बम्लेष्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मुख्य बैगा ओमकार महोबिया, दीपक उईके ने शोभायात्रा की अगुवाई कर चौक चौराहों और देवी देवताओं की पूजा किया। रेल्वे पटरी पर पूजा कर मार्ग क्रास करते हूए ज्योति कलश शीतला मंदिर पहुंचे। यहां स्थापित 61 ज्योति भी शोभा यात्रा में शामिल हुए। यहां माता बम्लेश्वरी और शीतला माई के प्रथम ज्योत का मिलाप हुआ। श्रीफल भेंट कर दोनो प्रथम ज्योत धारण करने वाली महिलओं ने गले मिलकर बधाई दी।





### अनुमति के बाद विसर्जन

मां बम्लेश्वरी, छिन्नमस्ता माता, सतबहनी माता, शीतला माता के ज्योति कलश महावीर मंदिर तालाब पहुंचने के बाद बैगा और आचार्य ने हनुमान जी और सरोवर देवता को श्रीफल भेंट कर विसर्जन की अनुमति ली तब सैकड़ों कार्यकर्ता और कर्मचारियों ने कलशों को विसर्जित किया। विर्सजन के बाद शोभा यात्रा वापस नीचे मंदिर पहुंची जहां माता की भव्य आरती की गई। ज्योति कलश धारण करने वाली महिलाओं के अलावा ट्रस्ट के पदाधिकारीयों ने भोजली भेंट कर एक दुसरे को गले लगा कर पर्व की बधाई दी।

### पुलिस टीम ने की आरती

नवरात्रि ड्यूटी के सफलता पूर्वक पूरी करने के बाद पुलिस ने माँ बम्लेश्वरी के दरबार में हाजिरी लगाया और पूजा अर्चना किया। पुलिस बैंड ने भक्तिमय धुनें बजाकर परिसर में आध्यात्मिक माहौल बनाया। पर्व के दौरान बेहतर सेवा के लिए सराहना से पुलिस गदगद नजर आई।

### मुस्तैद रहा प्रशासन

चले चैत्र नवरात्र के दौरान व्यवस्था पहले से बेहतर नजर आई। जिला प्रशासन के अलावा नागपुर रेल्वे मंडल, आरपीएफ और जीआरपीएफ बल, स्टेशन प्रबंधक ने ज्योत विसर्जन में अहम भूमिका निभाई। शोभायात्रा के पटरी पार करके महावीर तालाब पहुंचने तक पूरा बल मुस्तैदी से खडे होकर व्यवस्था संभाले रखा।

### जोत जंवारा का विसर्जन

**चिचोला।** चैत्र नवरात्र के मौके पर ग्राम के माँ शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया। नवमीं को महाभंडारे के बाद जस सेवा के साथ जोत जंवारा का विसर्जन झुरा नदी में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।





### ज्योति कलश विसर्जित

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंदिर में शुक्रवार की शाम को श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश का पारंपरिक शोभा यात्रा के साथ विसर्जित किया।

### जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

शोभायात्रा में रानीतिक, सामाजिकजनों के अलावा बड़ी संख्सर में अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ज्योति कलश धारण कर विसर्जन यात्रा में शामिल हुई। वहीं पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, रामजी भारती, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, हरविंदर सिंग मंगे, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, डॉ मनीष बघेल, जसमीत बन्नोआना, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गटटानी, प्रकाश बिंदल, संजय श्रीवास्तव, बबलु शांडिल्य, संजु गुमास्ता, गौतम चोपड़ा, योगेश अग्रवाल, राजु छाजेड, गनेश नरेडी, अशोक साहू, केशव नरेडी, संजय देशपांडे, अनिल अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सुषमा कोठारी, आनंद अग्रवाल, जितेन्द्र सिंग, दिलीप बिंदल, सत्यप्रकाश मिश्रा, सोनू नरेडी सहित नागपुर रेल्वे डिविजन डीआरएन दीपक गुप्ता, आरडीसी एसके यादव, पूर्व स्टेषन मास्टर बिसनाथयादव, एएससी प्रशांत अल्दत, आरपीएफ के संकल्प राय मौजूद थे।

## चना खरीदी का विधिवत शुभारंभ



**गंडई पंडरिया।** कृषि सहकारी समिति गंडई में पीएम आशा योजना अंतर्गत चना खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर तौल प्रारंभ किया गया। खरीदी शुभारंभ के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की इस योजना के लाभ बताया और कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी से किसानों को उनकी मेहनत का उचित दाम मिलेगा। समिति अध्यक्ष धरमू पटेल ने किसानों से फसल साफ-सुथरी कर और एफएक्यू मानकों के अनुसार लाने प्रोत्साहित किया। खरीदी के पहले दिन चकनार के जगदीश जंघेल ने 8 क्विटल चने विक्रय किया। शासन ने चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5875 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीके उइके, कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग, ओमप्रकाश पटेल, समिति प्रबंधक जगदीश जंघेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# 191 की जगह 64 मीटर सड़क, ठेकेदार को अभयदान

### नपं ने नोटिस जारी कर किया खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई में भ्रष्टाचार का एक ऐसा नमूना सामने आया है, जिसने शुचिता के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। टिकरीपारा में सीसी रोड निर्माण के नाम पर सरकारी खजाने में जो सेंधमारी हुई, वह अब सेटिंग का खेल दिख रहा है। यहां 191 मीटर की स्वीकृत सड़क को कागजों पर पूरा होना बताकर भुगतान कर दिया गया। मामले के खुलासे के बाद कार्रवाई करने के बजाए अधिकारी ठेकेदार पर मेहरबान नजर आ रहे हैं।

हैरानी वाली बात यह है कि जिस ठेकेदार पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा है, उसे ब्लैकलिस्ट करने या एफआईआर दर्ज कराने के बजाय उसे अधूरा काम पूरा करने की छूट दे दी गई है। नगर में यह चर्चा है कि क्या गड़बड़ी सामने आने के बाद केवल गलती सुधार लेने का नियम बन गया है? सवाल उठता है कि क्या निर्माण कार्य पूर्ण कर देने मात्र से धोखाधड़ी और फर्जी मूल्यांकन का मामला खत्म हो जाएगा?


पार्षद सावत देवांगन ने खोला मोर्चा, सीएमओ एवं उपमुख्यमंत्री से शिकायत

बनाना था 191 मीटर सड़क, बनी 64 मीटर, ठेकेदार को किया पूरा भुगतान

नगर पंचायत गंडई में भ्रष्टाचार का मामला

### भर्राशाही का अड्डा

नागरिकों का आरोप है कि गंडई नगर पंचायत में यह इकलौता मामला नहीं है। अन्य निर्माण कार्यों में अनियमितता बरती गई है। अनावश्यक स्थानों पर चेकर टाइल्स लगाना और एक ही नाली को बार-बार बनाना यहां की कार्यप्रणाली बन गई है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चेतन राम देवांगन ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### मिलीभगत की आशंका

इस पूरे मामले में तकनीकी जानकारों की भूमिका संदिग्ध है। नगर पंचायत में उप अभियंता का पद रिक्त होने के कारण पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर आरके बांधे को अस्थाई प्रभार दिया गया था। आरोप है कि उन्होंने बिना मौका देखे 191 मीटर सड़क का मूल्यांकन कर दिया। इसी मूल्यांकन के आधार पर ठेकेदार को भुगतान भी कर दिया गया।

### कार्रवाई होना चाहिए

जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि सड़क निर्माण में कम होने के बाद भी पूरा भुगतान करने की शिकायत पार्षदों ने की थी। जांच में शिकायत सही पाई गई है। निश्चित तौर पर कार्यवाही होना चाहिए।

### मामले की हो जांच

ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भिगेश यादव ने कहा कि नगर पंचायत में कई वर्षों से किशन यादव द्वारा कार्य किया जा रहा है। वह अमानक कार्य करने में माहिर है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### कार्य पूर्ण करने कहा

सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि ठेकेदार और इंजीनियर को नोटिस जारी किया गया है एवं कार्य पूर्ण करने कहा गया है। दोबारा शिकायत मिलती है तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

### 64 मीटर बनी सड़क, भुगतान 191 मीटर का

वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद के तहत खिलावन देवांगन के घर से देवांगन भवन सोसायटी चौक तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 42 हजार रुपए का वर्क ऑर्डर ठेकेदार किशन यादव को दिया गया था। पार्षद सावंत देवांगन ने जब नापजोख किया तो तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पता चला कि दस्तावेजों में लंबाई 191 मीटर दर्ज है जबकि वास्तविक निर्माण मात्र 64 मीटर हुआ है। ठेकेदार को 4 लाख 20 हजार का भुगतान भी कर दिया गया है।इस आशय की शिकायत होने के बाद अब तक न तो राशि की वसूली हुई है और न ही ठेकेदार पर कार्रवाई की गई है।

# जनभागीदारी से टीबी उन्मूलन की दिशा में जिले की सशक्त पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

▪ अभियान में सभी से योगदान देने का आह्वान

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है, जिसमें जनभागीदारी को केंद्र में रखा गया है।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2024 में टीबी मुक्त घोषित 53 ग्राम पंचायतों के सरपंचों व सचिवों को रजत व कांस्य श्रेणी में रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मनित करते हुए योगदान की सराहना की गई। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में 115 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी को टीबी मुक्त होने पर कांस्य श्रेणी में सम्मानित किया जाना जिले की उपलब्धियों को और सशक्त बनाता है। कलेक्टर ने एआई समर्थित हैंडहेल्ड एक्स रे मशीन से अपनी एक्स रे जांच करवाई और कहा कि सामूहिक प्रयास, जागरूकता व समय पर उपचार से टीबी को पूरी तरत समाप्त किया जा सकता है। इस दौरान जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. ऋतुराज सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल धुरव, एसटीएस संदीप क्षीरसागर, एसटीएलएस तोरण साहू, एसएचआरसी से विष्णु गुप्ता, बीपीएम आकाश तंबोली, बीईटीओ डीएल सोनी, टीबी चैंपियन, पीयर सपोर्टर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### 100 दिनों तक चलेगा टीबी उन्मूलन अभियान

कार्यक्रम अंतर्गत जनजागरूकता को बढ़ावा देने मितानिनों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टीबी मुक्त भारत को लेकर शपथ ग्रहण सहित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना सुदृढ़ हुई। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान अंतर्गत जिले के हाई-रिस्क ग्रामों, शहरी क्षेत्रों, कार्यालयों, आश्रमों व छात्रावासों में विशेष सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके माध्यम से संभावित टीबी रोगियों की पहचान कर निशुल्क एआई समर्थित हैंडहेल्ड एक्सरे मशीनों द्वारा जांच की जाएगी। संदिग्ध मामलों की पुष्टि के लिए निःशुल्क परीक्षण व पुष्टि होने पर पूर्णतः निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान टीबी का अंत कर जनभागीदारी की शक्ति से थीम पर जिले में अंतर्विभागीय समवंय और जनसहभागिता के माध्यम से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# जयंती पर निकली कलश यात्रा



▪ श्रद्धा के साथ मनाया गया भक्तमाता कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

ग्राम में तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन साहू समाज ने किया। कड़कड़ाती धूप के बीच समाज की महिलाओं ने कलशयात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया। शोभायात्रा के पश्चात मां कर्मा आरती कर भोग लगाया गया।

इस मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन में साहू समाज की एकता की जमकर तारीफ की।आयोजन समिति ने अतिथियों का सम्मान किया। सामूहिक प्रसादी भोग का लाभ समस्त जनों ने लिया।तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में आसपास क्षेत्रों के सामाजिकजन शामिल हुए। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह थी। प्रमुख अतिथि जिला साहू संघ के अध्यक्ष मदनलाल साहू, तहसील अध्यक्ष कुंजबिहारी साहू, विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य रेखा कोठारी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, सईदा खान, सरपंच रमिला ध्रुवे, राजाराम मरावी, अंजली दर्रो, सुरेखा सोरी,सत्यादेवी टेकाम, रतिराम मंडावी, तिलकबाई तुमरेटी थी।

### यात्रा में दिखी लोगों की आस्था

# शोभायात्रा का गांव-गांव में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

विचारपुर पंडरिया मैदान में आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर नवनिर्मित मंदिर में संकट मोचन हनुमान का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस आयोजन को किसान अधिकार संघर्ष समिति दनिया, अतरिया, हनईबन, उदयपुर परिक्षेत्र के ग्रामीण छह दिवसीय महोत्सव के रूप में रखा हैं।

शनिवार विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति में विचारपुर पंडरिया मैदान से शोभायात्रा निकाला गया।चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन शनिवार को भव्य रथ में स्थापित किए जाने वाले हनुमान की प्रतिमा को रखा गया तथा पूजा अर्चना के बाद रथ को रवाना किया गया।

चिलचिलाती धूप में रथ के पीछे सैकड़ो ग्रामीण राम हनुमान का जयकारा लगाते रहे। पहले दिन यात्रा संडी, नवापारा, नर्मदा, खैरा, अतरिया रोड, कुकुरमुडा, भरदा गोंड, बिचारपुर, सीताडबरी, उदयपुर होकर कोटरा पहुंची। सभी गांव में रथ का पुष्प वर्षा और आरती कर स्वागत किया गया। सभी गांव में बड़े जनसमुदाय ने यात्रा में शामिल होकर अगले गांव के लिए रवाना किया।

### झलकी लोगों की आस्था

पहले दिन यात्रा में हजारों महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। चिलचिलाती धूप की परवाह न कर लोग श्रीराम और हनुमान का जयकारा लगाते आगे बढ़े। यात्रा में लोगो की उमंग और आस्था देखते ही बन रही थी। रथ के गांव पहुंचने पर सभी घर की महिलाएं आरती तथा अक्षत लेकर पहुंची। यात्रा में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, सुधीर गोलछा, कामदेव जंघेल, श्रवण जंघेल, सौरभ जंघेल, विक्रम सिंह, ऐमन जंघेल, लक्की जंघेल, तेजेश्वर जंघेल, प्रियंका चंदेल, बीरेन्द्र जंघेल, कैलाश वर्मा, हुकुम जंघेल, श्यामु जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



**राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में ज्योत जवारा स्थापित किए गए थे। अष्टमी हवन के पश्चात नवमी पर विध-विधान से पूजा-अर्चना कर जंवारा का शोभायात्रा निकाल कर तालाब में विसर्जन किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026



# पिंटू महामंत्री, नाहटा बने कोषाध्यक्ष, 61 लोगों की टीम में दस महिलाएं भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला और शहर अध्यक्ष बदले जाने के बाद अब कांग्रेस ने अपनी नई टीम का ऐलान भी कर दिया है। प्रदेश संगठन की मंजूरी के बाद घोषित की गई कार्यकारिणी में कुल 61 लोगों को स्थान दिया गया है। जिसमें सुयश नाहटा को कोषाध्यक्ष और कमलजीत पिंटू, महेंद्र यादव सहित कुल 18 महामंत्री बनाए गए हैं। वहीं रमेश डाकलिया सहित कुल 12 लोगों को उपाध्यक्ष बनाया गया है। नई कार्यकारिणी में छह महिलाओं को भी शामिल किया गया है। वहीं सूची में शहर के नेताओ का दबदबा भी दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि करीबन चार महीने पहले 28 नवंबर को पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान के तहत राष्ट्रीय संगठन द्वारा जिले व शहर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष की कमान विपिन यादव और शहर कांग्रेस अध्यक्ष का जिम्मा जितेन्द्र मुदलियार को दी गई थी। इस नियुक्ति के बाद से ही जिले व शहर की नई टीम का इंतजार किया जा रहा था। सभी वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी और प्रदेश संगठन की मंजूरी के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। इस नई टीम में सभी वर्गों को शामिल करने का भी प्रयास किया गया है।इधर जिला कांग्रेस की नई टीम जारी होने के बाद अब शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी का इंतजार शुरु हो गया है। बताया जा रहा है कि शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी तैयार कर प्रदेश संगठन को भेजी जा चुकीं है, वहां से हरि झंडी मिलते ही सूची जारी कर दी जाएगी।

## जिला कांग्रेस ग्रामीण की नई कार्यकारिणी जारी, दर्जनभर उपाध्यक्ष और डेढ़ दर्जन महामंत्री बनाए

### दस फीसदी महिलाएं शामिल

ज्ञात हो कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत देशभर में युवा, महिलाओं को पार्टी में मजबूत करने की कोशिशों में लगी है। जिसका असर संगठन के विस्तार में भी देखने को मिला है। हालांकि 61 लोगों की कार्यकारिणी में केवल 10 महिलाओं को ही शामिल किया गया है। इनमें श्रीमती रमादेवी वर्मा को उपाध्यक्ष, सुलोचना मारकंडे, सीमा यादव, संध्या साहू और राजकुमारी सिन्हा को सचिव एवं प्रभा साहू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।







### शहर कांग्रेस की सूची भी जल्द होगी जारी

जिला कांग्रेस ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। अब शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी का आना शेष रह गया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने भी अपनी नई टीम तैयार कर ली है, जल्द इसकी घोषणा की जा सकती है।

### वरिष्ठों को भी मिला स्थान

नई टीम में उपाध्यक्ष में बलिराम साहू, गोविंद टंडन, धीरज मेश्राम, रज्जू जॉन, मन्ना यादव, होमदत्त वर्मा, जितेन्द्र सिंह भाटिया, केशव यादव, लालचंद साहू, रमेश डाकलिया एवं दुर्गेश द्विवेदी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। राहुल तिवारी, पंकज बांधव, महेंद्र यादव, कमलजीत पिंटू, रितेश जैन, चुम्मन साहू, रवि साहू, हेमंत वैष्णव, तुकज साहू, राजकुमार सिन्हा, ललित कोमरे, राजू सिंह राजपूत, हनी ग्रेवाल, इंदरपाल सिंह राजा, शिशुपाल भारती, पूरन नेताम, चंद्रेश वर्मा और विजयराज सिंह चौहान को महामंत्री बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी



**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 मार्च को रात के समय शीतला मंदिर महावीर पारा में खड़ी हीरो एचएफ डिलक्स बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

घटना की रिपोर्ट प्रार्थी खिलेन्द्र निषाद ने दर्ज कराई है। इसी तरह 19 मार्च को रात के समय बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण शिव मंदिर के पास खड़ी हीरो एचएफ डिलक्स को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी गोपी ध्रुव ने दर्ज कराई है।

### चौक में बढ़ने लगा यातायात का दबाव

**राजनांदगांव।** शहर के पुराना गंज चौक में यातायात का दबाव लगातार बढ़ने लगा है। नियमित रूप से हल्के-भारी वाहनों की सुबह से देर रात तक आवाजाही बनी हुई है।

यातायात नियमों का उल्लंघन होने से आए दिन यहां दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। ज्ञात हो कि शहर के भीतरी इलाके में पुराना गंज चौक सबसे बड़ा है। यहां से हल्की एवं भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल भी लगाए गए हैं। सुबह से देर शाम तक उक्त चौक में यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहता है।

**सिग्नल की अनदेखी**

बताया गया कि उक्त चौक में कहीं पर भी यात्री वाहनों को रोककर सवारी कराने एवं अन्य ट्रैफिक सिग्नल के नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने के चलते कई वाहन चालकों को हलाकान होना पड़ रहा है। वहीं उक्त चौक से गुजरने वाले कुछ वाहन चालकों द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने की भी शिकायतें लोगों में बनी रहती है। गत दिवस एक कार चालक द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया था। जिसमें दुर्घटनाएं होते-होते बची। उक्त समस्या की ओर ट्रैफिक पुलिस का ध्यानाकर्षण कराया गया है।

## कांकेर के जंगल में सशस्त्र नक्सली मौजूद, चिंता में मोहला-मानपुर जिला

# नक्सलमुक्त वनांचल में दूसरे जिलों से घुसपैठ रोकने सीमाओं पर बढ़ी चौकसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कांकेर जिले में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी के 12 और प्लाटून नंबर 5 के 7 नक्सलियों ने बस्तर-कांकेर सहित हाल ही में नक्सली मुक्त हुए जिला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तथा छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले को चिंता में डाल दिया है। डेडलाइन के लिए केवल तीन दिन शेष बचे हुए हैं और इधर कांकेर के बीहड़ों में 19 नक्सलियों की चहल-कदमी अब भी बरकरार है।

जानकारी के अनुसार मोहला-मानपुर व महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला से सटे कांकेर-बस्तर जिला में 19 सक्रिय नक्सली के समर्पण को लेकर बीते तीन दिनों से हल्ला मचा हुआ है कि कांकेर जिला के दक्षिण भाग में आरकेबी डिवीजन कमेटी के डीवीसीएम विजय रेड्डी की पत्नी रूपी एवं उनकी टीम सरेंडर करने को तैयार हो गई है, परंतु तीन दिन बीत जाने के बावजूद एक भी नक्सली जंगल से बाहर नहीं निकले। जंगल से बाहर लाने के लिए सुरक्षा बलों की टीम के साथ-साथ बस्तर और मोहला-मानपुर जिले के स्थानीय पत्रकार सक्रिय हैं। हार्डकोर नक्सली नेता पापा राव के समर्पण करने के बाद अब सबकी नजर प्रतापपुर एरिया कमेटी के 12 और प्लाटून नंबर पांच के सात नक्सलियों के ऊपर टिकी हुई है। इधर 31 मार्च नक्सली खात्मे के लिए तय की गई आखिरी डेट लाइन सिर्फ तीन दिन शेष हैं। नक्सल मूवमेंट के अनुसार जब तक कांकेर जिला से ये 19 नक्सलियों का निराकरण नहीं हो जाता, तब तक मोहला-मानपुर तथा गढ़चिरौली जिले के लिए चिंता का सबब बना रहेगा।




फाईल फोटो

### कंपनी नंबर पांच में सात नक्सली सक्रिय

नक्सलियों के मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के सक्रिय 7 नक्सलियों में सुखदार उइका निवासी दक्षिण बस्तर, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण बस्तर, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर, दारसु शोरी निवासी आमाबेड़ा, हिड़मा सोढ़ी पश्चिम बस्तर बीजापुर, शंकर निवासी बीजापुर और होलिका पुनेम निवासी बीजापुर नाम शामिल है।

### सिर पर मंडरा रहा मौत का डर

जंगल में भटक रहे कांकेर जिले के 19 नक्सलियों पर मौत का साया मंडरा रहा है। आत्मसमर्पित नक्सलियों के कई बड़े लीडर प्रयासरत हैं कि कोई अनहोनी के पहले यह लोग सरेंडर कर दे। आरकेबी डिवीजन कमेटी के पांच नक्सलियों ने समर्पण के पहले गांव वालों के सामने स्वीकार किया था कि अब डर बना हुआ है, कभी भी हम लोग मुठभेड़ के शिकार हो सकते हैं। इसी तरह का डर बचे 19 नक्सलियों में भी हो सकता है। सकारात्मक परिणाम के लिए सुरक्षा बलों की अलग-अलग टीमें लगी हुई है। कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा बाकी बचे नक्सलियों के सरेंडर के लिए लगातार कोशिश में है।

### प्रतापपुर एरिया कमेटी में बचे 12 नक्सली

कांकेर जिला के प्रतापपुर एरिया कमेटी के बचे 12 नक्सलियों में रूपी पति विजय रेड्डी निवासी आंध्रप्रदेश, चंदर कतलाम निवासी पूर्वी बस्तर, कुमारी माली निवासी बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी नारायणपुर, मंगेश परचामी उर्फ सोमाली निवासी माड क्षेत्र, मनीषा कोराम निवासी कोटमेटा, राधिका कुंजान निवासी सुकमा जिला मरकाम दक्षिण बस्तर, कुमारी सनकी थाना प्रतापपुर, सोमा पोडियाम बीजापुर, लखमी पद्दा निवासी नारायणपुर, संदीप कडियाम इंद्रावती क्षेत्र शामिल हैं।

### एनकाउंटर के अलावा कोई विकल्प नहीं

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला तथा मोहला-मानपुर लगभग नक्सल मुक्त हो गया है। दोनों जिला से सटे कांकेर बस्तर के बीहड़ों में अब भी 19 नक्सली बचे हुए हैं। 31 मार्च नक्सली खात्मे की आखिरी डेट लाइन लगभग समाप्त होने वाली है। इस बीच जंगल से निकलकर बचे नक्सली समर्पण कर देते हैं तो जिंदगी बच जाएगी, नहीं तो कठोर ऑपरेशन और एनकाउंटर के अलावा फोर्स के पास कोई भी विकल्प नहीं रहेगा।

## उपभोक्ता परेशान

# ओटीपी आने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर!



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिडिल-ईस्ट में तनाव के बीच देशभर में हो रही एलपीजी की किल्लत को देखते हुए सरकार कई तरह के नियम बना रही है। इनमें एक नए नियमों के तहत, ग्राहकों को बिना ओटीपी बताए एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिलेगी।

जिसके चलते उपभोक्ता सिलेंडर पाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर ओटीपी मंगा रहे है, लेकिन जिले में ओटीपी मिलने के बाद भी उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। शिकायतें सामने आ रही है कि बुकिंग के 12 से 15 दिन बाद तक डिलीवरी की जा रही है। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी परेशानी यह है कि सरकार के नियम अनुसार डिलीवरी के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग के लिए 25 दिन का इंतजार करना अनिवार्य है, ऐसे में देर से डिलीवरी होने के बाद लोगों को तीसरे सिलेंडर के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

### कई तरह की दिक्कतें

एलपीजी गैस सिलेंडर प्राप्त करने में उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल नंबर गुम होने, केवाईसी पूरी न होने और बुकिंग के बाद भी सिलेंडर न मिलने जैसी समस्याओं के कारण लोग लगातार गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं।

# सरपंच ने कहा: पंचों को कांग्रेस नेता अंगेश्वर ने मेरे खिलाफ भड़काया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी सरपंच के खिलाफ 16 पंचगणों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के मामले में सरपंच पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करते सरपंच नीलिमा साहू ने सभी आरोपी को बे-बुनियाद बताया और बीते 1 वर्ष के कार्यकाल में गांव में बेहतर विकास करने की बात कही।




सरपंच नीलिमा साहू ने कहा कि उपसरपंच और पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव किस उद्देश्य से लाया गया, यह मैं नहीं समझ पा रही हूं। उन्होंने कहा कि पंचों को बरगलाकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धि गिनाते कहा कि उनके माध्यम से 46 परिवारों के राशन कार्ड और 30 परिवारों को उज्जवला गैस कनेक्शन दिलवाया गया। वहीं पांच निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि गांव में मनरेगा का कार्य, रोड-नाली, तालाब की सफाई, 500 वृक्षारोपण, माध्यमिक शालाओं के बच्चों को थाली वितरण, स्कूल में हाईमास लगवाया गया और 3 सौ से अधिक आय-जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान सरपंच नीलिमा साहू के साथ आशीष बंजारे, पंच भारती टंडन, जितेन्द्र और गोविंद साहू उपस्थित थे। इस मामले को लेकर प्रेस कान्फ्रेंस करते सरपंच नीलिमा साहू ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य है और भाजपा से जुड़े ही पंचगणों को स्थानीय जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख द्वारा भड़काकर मेरे खिलाफ किया गया है।

### अविश्वास के खिलाफ स्टे

सरपंच नीलिमा साहू ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ उन्होंने न्यायालय के शरण में जाकर स्टे ला लिया है। उन्होंने बताया कि बीते 20 मार्च को उन्होंने स्टे के लिए आवेदन किया था और 25 मार्च को इसमें स्टे मिला है। यह दोनों वही तारीख है, जब सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मतदान होना था। पहले पंचगणों को 20 मार्च का वक्त दिया गया था, इसके बाद तारीख बदलकर 25 मार्च को मतदान होगा कहा गया था, लेकिन पीठासीन अधिकारी के नहीं पहुंचने पर 25 तारीख को मतदान नहीं हो पाया और जमकर हंगामा हुआ।

### मुरूम नहीं डालने का आरोप झूठा

सरपंच के खिलाफ पंचगणों द्वारा स्कूल मैदान में मुरूम नहीं डालकर भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप को लेकर सरपंच ने कहा कि स्कूल मैदान में मुरूम डालने का कार्य पंचगणों द्वारा ही कराया गया है, उल्टे मुझ पर आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहां मुरूम डाला गया है। वहीं किसी भी कार्य को लेकर सरपंच द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने के आरोप का जवाब देते सरपंच ने कहा कि सारी जानकारी पंचगणों को दी जाती है। इसके लिए मीटिंग रजिस्टर भी घुमाया जाता है।

## मांय एंगल




# सूने घर से आभूषण की चोरी कर आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। इस बार छुरिया क्षेत्र के ग्राम पांडेटोला स्थित एक सूने घर में अज्ञात चोरों ने प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पांडेटोला स्थित घर में गत रात्रि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने घर में रखे आलमारी से सोने के दो कान के लटकन, दो सोने की पत्ती, दो जोड़ी पायल, चांदी की एक अंगूठी व एक जोड़ी लच्छा, पर्स में रखे एटीएम को चोरो ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# जिले में 40 डिग्री के करीब पहुंचा दिन का तापमान, बेमौसम बारिश की भी आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से पिछले एक सप्ताह से मौसम लगातार अपनी करवट बदल रहा है। जहां तीन दिन पहले तक तापमान में गिरावट देखने को मिली थी, वहीं अब जिले का अधिकतम तापमान चढ़कर 40 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। हालांकि अब मौसम विभाग ने 72 घंटे के बाद तापमान के 2 से 3 डिग्री तक गिरावट की संभावना जताई गई है।



इधर शनिवार को मौसम विभाग की तरफ से प्रदेश को लेकर जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर ईरान और उसके आसपास 3.1 किमी से 9.4 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका-हवा की अनियमित गति पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु तक दक्षिण छत्तीसगढ होते हुए 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है । प्रदेश में कल 29 मार्च को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि संभावित है। प्रदेश में वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे जिले तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिले में संभावित है ।

### दक्षिण हिस्से में हो सकती है बारिश

ज्ञात हो कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते जहां तीन दिन पहले अंचल में बेमौसम बारिश देखने को मिली थी। ऐसी ही संभावना फिर जताई जा रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल 29 मार्च को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। 30 मार्च से दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना बन रही है।

## भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में बरसे फूल, झूमते दिखे श्रद्धालु

# श्रीराम जन्मोत्सव..शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्ग से बाजे-गाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भक्तों ने स्वागत किया । पूरे शोभायात्रा में जयकारों की गूंज रही।

संस्कारधानी में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव की धूम है। शुक्रवार को मंदिरों में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मनाया गया। वहीं विविध धार्मिक आयोजन सहित भंडारा का आयोजन किया गया। श्रद्धा-भक्ति का माहौल पूरे अंचल में बना रहा। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा वापस महावीर चौक पहुंचकर समाप्त हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रीराम भक्तों की उपस्थिति रही। अधिकांश भक्त ध्वज पताका के साथ भगवा परिधान पहन का शामिल हुए।



**रथ में श्रीराम दरबार की झांकी:** पर्व के तहत शनिवार को महावीर चौक श्री हनुमान मंदिर के पास से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को लेकर बड़ी संख्या में भक्त भगवान वस्त्र धारण कर उक्त स्थल पर एकत्र हुए, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार का भव्य दृश्यांकन किया गया था। महावीर चौक से प्रारंभ हुआ शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।

### अखाड़ा का प्रदर्शन

गुजराती समाज एवं रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा आयोजित इस भव्य शोभायात्रा का स्वागत करने कई स्थानों पर पंडाल लगाए गए थे, जहां से शोभायात्रा गुजरने पर पुष्पवर्षा का भव्य स्वागत किया गया। बाजे-गाजे के साथ निकले शोभायात्रा में पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य, अखाडा का प्रदर्शन किया जाता रहा। बैंड-बाजे एवं डीजे के धुन पर भक्त ध्वज पताका लहराते थिरकते रहे। पूरे शोभायात्रा के दौरान जयकारों की गूंज रही।

# भोरमदेव जंगल सफारी में जल्द मिलेगा रणथंबोर जैसी सफारी का आनंद, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला संवाद कार्यक्रम के चौथे चरण में आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिले के प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह तथा डीएफओ निखिल अग्रवाल से शासन की योजनाओं, क्रियान्वन एवं जिले में विकास की संभावनाओं को लेकर सवाल किए।

सवाल के जवाब में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन के सहायोग के जिले की बुनियादी सुविधाओं का चरणबद्ध विकास किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना एक चुनौती जरूर है लेकिन सभी के सहयोग से कार्य पूर्ण हो रहे हैं। जिले में जिले में 10 हजार जनमन आवास की स्वीकृति मिली है जिनका निर्माण तेजी से चल रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि व्हीआईपी जिला होने के कारण चुनौतियां तो है पर शासन के साथ प्रदेश के गृह मंत्री का जिला होने के नाते पुलिस प्रशासन को सहयोग भी मिल रहा है। श्री सिंह ने बताया कि जिले की कानून व्यवस्था बेहतर है। बीते दो सालों में 10 प्रतिशत अपराधों में कमी आई है।

इस दौरान जिला पुलिस प्रशासन ने 17 से 18 अंधे कत्लों के मामलों को सुलझाने में सफलता हांसिल की है। जिले में लगातार मंदिरों में तोड़फोड़ के मामलों पर श्री सिंह ने कहा कि सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। वहीं जिला वनमण्डलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने कहा कि कबीरधाम जिला का करीब पचास प्रतिशत क्षेत्र वनांचल है। ऐसे में यहां वन अपराध की आशंका रहती है, लेकिन विभाग ऐसे मामलों के सामने आने पर लगातार कार्यवाही कर रहा है कोई भी मामला लंबित नहीं है सभी में चालान पेश किया गया है। उन्होने बताया कि भोरमदेव अभ्यारण में सफारी जल्द प्रारंभ होने जा रही है। करीब 35 किलो मीटर के इस सफारी क्षेत्र में लोगों को रणथंबोर राष्ट्रीय उद्यान का आनंद प्राप्त होगा।

### कांग्रेस के स्वीकृत कार्यो का फीता काट रही भाजपा सरकार



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने जिला संवाद के तीसरे सत्र में भाजपा के नपाध्यक्ष कवर्धा चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी द्वारा गिनाई गई सरकार की उपलब्धियों पर जवाब देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार कांग्रेस के कार्यकाल में स्वीकृत कार्यो का फीता काटकर वाहवाही लूटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले में बनने वाले मेडिकल कॉलेज की घोषणा विधानसभा में कांग्रेस ने की थी। जिन जलाशयों और नहरों की बात आज भाजपा कर रही है उनके लिए राशि कांग्रेस सरकार ने स्वीकृत की थी। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली।

## आईएनएच-हरिभूमि के जिला संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सामाजिक जनो ने रखे अपने विचार

# जिले में आदिवासियों के विकास, शिक्षा पर्यटन को बढ़ाने पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में आईएनएच-हरिभूमि का 18 वां जिला संवाद कार्यक्रम शनिवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित वीरसावरकर भवन में आयोजित किया गया। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस जिला संवाद कार्यक्रम में राजनीतिक, प्रशासनिक, शिक्षा, व्यापार, सामाजिक सहित अलग-अलग क्षेत्र जुड़े लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं व प्रतिनिधियों ने मंच में आमने सामने बैठकर जिले के विकास, योजनाओं, कानून व्यवस्था, सहित अन्य कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। इस आयोजन के अंतिम और पाचवे सत्र में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा, लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विपक्षी दल कांग्रेस से पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर से विकास के मुद्दे पर सीधी बात की। इसी प्रकार श्री द्विवेदी ने दूसरे सत्र में समाज से जुड़े लोगों में आकाश आहूजा चैम्बर ऑफ कामर्स, साहित्यकार नीरज मंजीत, आदित्य श्रीवास्तव, डॉ अतुल जैन तथा शिक्षा के क्षेत्र से ताल्लुख रखने वाले अशोका पब्लिक स्कूल के संचालक पवन देवांगन से संवाद किया। तीसरे सत्र में भाजपा की ओर से नपा कवर्धा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामुकमार भट्ट तथा विपक्ष की ओर से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह से संवाद किया गया। चौथे सत्र में आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिले के प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह तथा जिला वनमण्डलाधिकारी निखिल अग्रवाल से तीखे सवाल पूछे और जिले के विकास व योजनाओं से संबंधित संवाद किया। जबकि इससे पूर्व प्रथम सत्र में भाजपा की ओर से जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी तथा भाजपा जिला महामंत्री नीतेश अग्रवाल एवं विपक्ष की ओर से किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी व कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश चन्द्रवंशी ने अपनी बात रखी। कुल पांच सत्रों में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रायः हर विषय और मुद्दों को प्रमुखता से जनता के इस मंच पर रखा।





### कई सरकारें आई और गई लेकिन सौ साल बाद भी नहीं मिली जिले को रेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला संवाद कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त शिक्षक आदित्य श्रीवास्तव ने रेल लाईन का मुद्दा उठाया। उन्होने कहा कि प्रदेश के डोंगरगढ़, कवर्धा, उसलापुर रेल लाईन परियोजना का सर्वे करीब सौ साल पूर्व पहली बार हुआ था। तब से लेकर अब तक कितनी सरकारे आई और चली गई, इस दौरान भी कई बार इस रेल परियोजना को लेकर सर्वे हो चुका है, वहीं एक दो बार तो भूमिपूजन भी किया जा चुका है लेकिन जहां तक धरातल की बात की जाए तो अभी तक यहां रेल नहीं दौड़ पाई है। जनभावनाओं से जुड़ी इस बहुप्रतिक्षित परियोजना के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब अंतिम सत्र में क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने दिया उन्होने कहा कि जल्द ही इस परियोजना का शुभारंभ होगा और जिस तरह से राममंदिर भाजपा ने बनाया है उसी तरह रेल लाईन भी भाजपा ही कवर्धा में लाएगी।





### शहर के पुराने बाजार में सुविधाओं का हो विस्तार

चैम्बर ऑफ कामर्स के आकाश आहूजा ने कहा कि कवर्धा शहर का बाजार क्षेत्र काफी पुराना है, लेकिन समय के साथ-साथ जिस ढंग से आबादी में बढ़ोत्तरी हुई उस लिहाज से इस बाजार क्षेत्र में पार्किंग सुविधा, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल की सुविधा का विस्तार नहीं हो पाया है। जिसका विपरीत प्रभाव व्यापारियों, खासकर छोटे व्यवसाय पर पड़ रहा है और ग्राहक ऑन लाईन से खरीदी कर रहा है। ऐसे में शासन-प्रशासन को इस दिशा में विचार कर शहर के पुराने बाजार क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार करने की जरूरत है।



### निजी अस्पतालों की प्रतिस्पर्धा अब जिला चिकित्सालय से

जिला संवाद के दूसरे सत्र में जिले के जाने माने चिकित्सक डॉ. अतुल जैन ने कहा कि जिस ढंग से सरकार ने शासकीय जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की पदस्थापना, सिटी स्केन, सोनोग्राफी आदि की सुविधाएं मुहैया कराई है उससे लोगों का रूझान सरकारी चिकित्सा सुविधा के प्रति बढ़ा है, उन्होने बढ़े ही बेबाक ढंग से कहा कि इसमे कोई दो राय नहीं है कि निजी अस्पतालों की प्रतिस्पर्धा अब जिला चिकित्सालय से है। लेकिन उन्होने यह भी कहा कि जिले के ग्रामीण, वनांचलों और विकासखण्ड स्तर पर अभी भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी बेहतर करने की जरूरत है।

## भगवा ध्वज काण्ड से लेकर मंदिरों में तोड़फोड़ का उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला संवाद कार्यक्रम में उस समय कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली जब कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हुए बहुचर्चित भगवा ध्वजकाण्ड का मुद्दा उठाया गया। इसके जवाब में कांग्रेस ने मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल में जिले के मंदिरों में लगातार हो रही तोड़फोड़, चोरी का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरने का प्रयास किया। लेकिन भाजपा के नेताओं ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि सनातनियों के धर्मस्थलों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है और इस बात की भी जांच कराई जा रही है कि इस तरह के कृत्यों को कौन अंजाम दे रहा है। कुछ इसी प्रकार की नोक झोंक और बहसबाजी संवाद के कुछ अन्य मुद्दों के दौरान भी देखने को मिली। हालांकि कार्यक्रम पूरी तरह से शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।



## कांग्रेस के पांच सालों से ज्यादा विकास दो सालों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने संवाद कार्यक्रम में कहा कि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सहयोग व प्रयासों से कवर्धा शहर सहित समूचे जिले का चहूमुखी विकास हो रहा है। कवर्धा शहर में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल का उन्नयन, विद्यापीठ, चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण, हनुमान वाटिका का निर्माण, चौपाटी का निर्माण, घोटिया रोड निर्माण, गौरव पथ निर्माण जैसे कार्य भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बता रहे हैं। इसके अलावा जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों की बीत की जाए तो यहां भी ग्रामीणों की आवश्यकताओं और मांगों के अनुरूप लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर कार्यो को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

### आईएनएच-हरिभूमि के जिला संवाद कार्यक्रम की लोगों ने जमकर की तारीफ

## लोगों ने कहा ऐसे कार्यक्रम से सामने आती है सरकारों के कार्यों की जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधायक और सांसद, प्रशासनिक अधिकारियों से सीधे सवालों को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति से कवर्धा के वीरसावरकर भवन में देखने को मिली। स्थिति ये थी लोग अपने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के जवाबों को गेट के समीप खड़े होकर भी सुन रहे थे। आईएनएच-हरिभूमि द्वारा आयोजित किए गए इस जिला संवाद कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने काफी सराहा। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के विकास, जनता के मुद्दे और योजनाओं को लेकर पूछे जा रहे सवालों को जनता का बेहतर प्रतिसाद मिला। विशेष कर आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिस अंदाज से नेताओं और अधिकारियों के सामने जनता से जुड़े मुद्दे रखे उसे लोगों ने खूब सराहा और सवालों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

### आयोजन में संवाद सुनने अंतिम तक डटे रहे लोग



आयोजन में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और समाजसेवा से जुड़े लोगों के अलावा आम नागरिक भी शामिल हुए। क्षेत्र में इस वृहद आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह भी नजर आया। लगभग 5 घंटे तक चले इस जिला संवाद कार्यक्रम में लोग डटे रहे। लोगों ने कहा कि वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि, सत्तापक्ष और विपक्ष सहित प्रशासन के उच्च अधिकारियों को मंच पर बुलाकर जनता से जुड़े मुद्दों पर सवाल करने का जिला संवाद का आयोजन बेहतर माध्यम है, जहां एक मंच पर ही जिले के विकास और लोगों से जुड़े मुद्दे एवं योजना पर बात करने का अवसर मिलता है।

### सम्मान...



**कवर्धा।** जिला संवाद कार्यक्रम में राज्य के डिप्टी सीएम विजय शर्मा एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए हरिभूमि राजनांदगांव के ब्यूरो चीफ सचिन अग्रहरि एवं कवर्धा के ब्यूरो चीफ महेश मिश्रा।

### नवकार 11 राजनांदगांव ने दुर्ग की चंदना चैम्पियन को 63 रन से हराया

# जन्म कल्याणक : प्रभातफेरी में गूंजा भगवान महावीर का संदेश

## सुबह प्रभातफेरी निकली और पूरा सनसिटी परिसर भगवान महावीर के संदेशों से गूंज उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सकल जैन समाज द्वारा महावीर जनकल्याणक महोत्सव के तहत विविध आयोजन किए जा रहे हैं। पांच दिवसीय इस महोत्सव के दौरान कल विविध आयोजनों के साथ ही शाम को धार्मिक क्रिकेट मैच के फाइनल मैच में नवकार 11 राजनांदगांव ने दुर्ग की चंदना चैम्पियन को 63 रन से हरा दिया और विजेता का खिताब अपने कब्जे में कर लिया। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को सुबह 6 बजे सनसिटी निर्माणाधीन मंदिर से प्रभातफेरी निकाली गई। पूरा सनसिटी परिसर भगवान महावीर के संदेशों से गुंजायमान हो उठा।

इससे पहले निर्माणाधीन मंदिर परिसर में कुशाल चंद कोठारी द्वारा झंडा फहराया गया। तत्पश्चात प्रभातफेरी ए ब्लॉक एनएक्स होते हुई सनसिटी के बी, सी, डी ब्लॉक में भ्रमण करती हुई गंतव्य स्थल तक पहुंची। सनसिटी परिवार द्वारा जगह-जगह प्रभातफेरी का स्वागत किया गया। सनसिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा व महावीर जन्म कल्याण समिति के संयोजक मिश्रीलाल गोलछा ने बताया कि प्रभातफेरी में पुरूष सफेद और महिलाएं लाल वस्त्र धारण किए हुए थी। प्रभातफेरी के बाद नवकासी की व्यवस्था रखी गई थी।




### आज सद्भावना दौड़ का आयोजन

महोत्सव के तीसरे दिन कल 29 मार्च सुबह 6 श्री दिगंबर जैन मंदिर से सद्भावना दौड़ का आयोजन होगा। सुबह 8.30 बजे से समता भवन में चरित्राचार की साधना होगी। जिसमें सामूहिक सामयिक सकल संघ के सदस्यों द्वारा होगी। दोपहर 12.15 से 2 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन गुरुद्वारा चौक में होगा। दोपहर 1 से 3 बजे तक वीर प्रसादम एवं शरबत वितरण का आयोजन जैन स्थानक भवन सदर बाजार में होगा। दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में किड्स कार्निवल और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सुबह 10 से 11.30 बजे तक महावीर कल्प वृक्ष जिनालय में भगवान महावीर पंचकल्याणक पूजा होगी। शाम 4 से 6 बजे तक महावीर वृद्धाश्रम में फल वितरण का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

### महिलाओं ने लजीज व्यंजन बनाने की सीखी विधि

सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्ढा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन समिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह-संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद, सचिव गौतम बाफना, सह-सचिव अतिन जैन, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े ललित भंसाली, भावेश बैद एवं रोशन गोलछा और जीवन जैन ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में आज सुबह 8.30 से 9.30 तक दर्शनाचार की साधना एवं वीर स्तुति का आयोजन नए स्थानक भवन बसंतपुर थाना के बाजू, सुबह 10 से 11.30 बजे तक ज्ञान बल्लभ उपाश्रय भवन जैन बगीचे में गहुंली प्रतियोगिता, दोपहर 12.30 से 2 बजे तक पेंड्री स्थित अस्पताल एवं दिगम्बर मंदिर गंजलाइन में वीर प्रसादम का आयोजन तथा दोपहर 2 से शाम 5 तक नागपुर की श्रीमती नीरज जैन की कुकिंग क्लासेस का आयोजन जैन बगीचे के नए हाल में हुआ। समाज की महिलाओं ने लजीज व्यंजन बनाने की विधि सीखी। शाम 7.30 बजे से जैन बगीचे में म्यूजिकल हाउजी तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ।

# किसानों की आवाज मजबूत करने में किसान मोर्चा की अहम भूमिका : संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




भाजपा किसान मोर्चा जिला राजनांदगांव की प्रथम महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी, रवि सिन्हा और प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा कैलाश शर्मा, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दादू सोनकर द्वारा किया गया। मंच संचालन जिला महामंत्री मनीष सोनी ने किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस पर प्रहार करते कहा कि किसान विरोधी डीएनए कांग्रेस में शुरू से है। उनके शासन में धान की राशि किस्तों में मिलती थी और बारदाने भी किसानों को खुद खरीदने पड़ते थे। आज भाजपा सरकार में धान की रिकॉर्ड कीमत मिल रही है और भुगतान भी एकमुश्त सीधे खातों में हो रहा है।

बैठक में तरूण लहरवानी, मनीष सोनी, घासीराम साहू, आनंद साहू, प्रतीक्षा भंडारी, आशुतोष सिंह ठाकुर, रवि सिन्हा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, विवेक शर्मा, राजा राजपूत, किशोर यादव, गोपीप्रसाद देशमुख, गप्पू सोनकर, भावेश वरु, सतीश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन घासीराम साहू ने व्यक्त किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सतीश यादव द्वारा दी गई।

### खेती को लाभ का धंधा बना रही मोदी सरकार

बैठक को संबोधित करते सांसद संतोष पांडे ने कहा कि किसान मोर्चा की भूमिका किसानों की आवाज को मजबूत करने में सबसे अहम है। मोर्चा के माध्यम से किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान के लिए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के किसान तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### संगठन विस्तार और संकल्प

प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी ने मनरेगा योजना की बारीकियों को बहुत ही सरलता से समझाया। वहीं प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने बताया कि जिले में पहली बार नए प्रकल्पों का गठन कर किसानों के हित में सर्वश्रेष्ठ टीम तैयार की गई है। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने एवं किसानों के हित में निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# स्कूल के सुरक्षा गार्ड ने श्वान को पीटा




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में पशुक्रूरता अब अपवाद नहीं रही, बल्कि यह लगातार बढ़ती खतरनाक प्रवृत्ति बन चुकी है। गायों और श्वानों पर हो रहे अमानवीय अत्याचार जैसे रस्सियों से घसीटना, लाठियों से पीटना और अन्य जघन्य कृत्य समाज और मानव मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं। जिम्मेदार तंत्र की निष्क्रियता इस अमानवीयता को बढ़ावा दे रही है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा गया कि पारीनाला स्थित एक स्कूल के एक सुरक्षा गार्ड ने एक श्वान (कुत्ते) को बेरहमी से पीटा। इस घटना के संबंध में पशुप्रेमियों और गौसेवकों ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

पशुप्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह शहर में पिछले दो दिनों में दूसरी गंभीर पशुक्रूरता की घटना है। उनका मानना है कि यदि ऐसे कृत्यों पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समाज में गलत संदेश देगा और भविष्य में इसी प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है। समाज के पशुप्रेमियों ने प्रशासन से अपील की है कि आरोपी सुरक्षा गार्ड के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने निष्क्रियता दिखाई, तो वे इस मुद्दे को उच्च स्तर तक उठाने और जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पशुप्रेमियों का कहना है कि समाज में इंसानियत और संवेदनशीलता बनाए रखने ऐसे कृत्यों को रोकना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, अभिषेक गिरेपुंजे, हरीश भानुशाली, सन्मय श्रीवास्तव, प्रणय मुल्लेवार, सागर यादव, जीतू रामटेके, करण तंवर, पवन, श्रेयांश व्यास आदि पशुप्रेमी और गौसेवक उपस्थित थे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के अनुमूलन के लिए व्यापक जनजागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम विकास के लिए छात्र (एसएफडी) के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के उद्देश्य से एक व्यापक जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान धार्मिक स्थलों को केंद्र में रखते डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर एवं राजनांदगांव नगर स्थित मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह अभियान विशेष रूप से उन स्थानों पर केंद्रित था, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है और अनजाने में सिंगल यूज प्लास्टिक का अत्याधिक उपयोग होता है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में पहुंचकर श्रद्धालुओं, दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने लोगों को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि यह भूमि, जल एवं जीव-जंतुओं के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। प्लास्टिक के कारण नालियों के जाम होने, प्रदूषण बढ़ने एवं पशुओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।



### पर्यावरण संरक्षण समय की मांग

जिला संयोजक धनंजय पाण्डेय ने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। यदि हम अभी से छोटे-छोटे प्रयासों की शुरूआत करें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। एबीवीपी का यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में स्थायी परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। एबीवीपी प्रदेश सहमंत्री अमनबृज नामदेव ने बताया कि पूर्व वर्षों में नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम एसएफएस के माध्यम से प्रशासन के साथ मिलकर भीड़ नियंत्रण हेतु कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा दी गई है तथा भविष्य में इसे और बेहतर स्तर पर संचालित करने की योजना है। उक्त अभियान के दौरान भूपेंद्र पाल, जीत शर्मा, कुलदीप पाल, चैतन्या द्विवेदी, चांदना श्रीवास्तव, जीत प्रजापति, प्रतीक गढ़वाल, वेणुका, युक्ता मांडवी, प्रिया, यश श्रीवास्तव, ओजस ऊईके, अक्षत श्रीवास्तव समेत अन्य लोग शामिल थे।

### राम जानकी बाला बाबा मंदिर में मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**राजनांदगांव।** राम जानकी बाला बाबा मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि रामनवमी उत्सव के अवसर पर मंदिर को तोरण पताका से सजाया गया। गर्भगृह में स्थित रामलला, लक्ष्मीनारायण, राधा-कृष्ण, सीता माता, शेषा अवतार लक्ष्मण सहित सभी भगवान का श्रृंगार कर पुष्पमाला अर्पित किया गया।

तत्पश्चात राम जन्मोत्सव महाआरती की तैयारी की गई। 12 बजे परंपरा अनुसार प्रभु रामलला का प्राकृत रूप से अवतरण हुआ। तत्पश्चात प्रभु रामलला को दुग्ध-दही, मधुरस, घी, गंगाजल से स्नान कराए गए तथा मेवा, फल, पंजरी का भोग लगाया गया। प्रभु रामलाल के जन्म होते ही भक्तों में खुशी लहर दौड़ गई। भक्तगण प्रभु रामलला जयकार करने लगे तथा मंदिर परिसर में पटाखा फोड़कर खुशी मनाया। उक्त अवसर पर देवकुमार निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, विभा वैष्णव, उषा श्रीवास्तव, शकुंतला परिहार, गिरिश परिहार, विवेक निर्वाणी, विरेन्द्र यादव, नेहा यादव, रुपमति निर्वाणी, धानी शर्मा, रूचि नामदेव, पाचि श्रीवास्तव, बसंत लता निर्वाणी, ममता राजपूत, आशा श्रीवास्तव, लवली श्रीवास्तव, हिमांशी श्रीवास्तव, सरस्वती विवेक त्रिपाठी, युगल किशोर वैष्णव, तनु दूबे, कुलदीप सिंह के अलावा भक्तगण उपस्थित थे।

# कार्यों को बारिश से पहले करें गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण




- कलेक्टर ने की निर्माण विभागों की बैठक लेकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री यादव ने निर्माण विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा पूर्व वर्षों में स्वीकृत कार्यों के समय-सीमा में पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी निर्माणाधीन कार्यों को बारिश से पहले गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी शिक्षण सत्र में बच्चों को नए भवनों में अध्ययन-अध्यापन की सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की आवश्यकता के आधार पर विकास कार्य स्वीकृत किए जाते हैं, इसलिए ऐसे कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद तत्काल कार्य प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनसामान्य को समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### नियमित निरीक्षण के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में लापरवाही एवं धीमी गति से कार्य करने पर संबंधित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटे एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे नागरिकों को इसका लाभ जल्द मिल सके। कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

# मिथलेश बने करूणाशील बौद्ध विहार के नए अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** बसंतपुर वार्ड क्र. 46 स्थित करूणाशील बौद्ध विहार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विहार की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, बुद्ध अनुयायी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मिथलेश मेश्राम को करूणाशील बौद्ध विहार का अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार अभिषेक मेश्राम को उपाध्यक्ष तथा अश्वनी (पिंटू) वासनिक को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का सदस्यों द्वारा स्वागत करते शुभकामनाएं दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मिथलेश मेश्राम ने कहा कि वे विहार के विकास, बौद्ध संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा भी जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विहार परिसर में नियमित रूप से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिससे समाज में जागरूकता और एकता को बल मिल सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने नवगठित कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी।

## अस्मिता वेस्ट जोन जूनियर बालिका हॉकी का समापन समारोह आज

# मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र फाइनल में भिड़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में सांई सेंटर व हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी वेस्ट जोन लीग पद्धति के अंतिम दिन में 2 मैच खेला गया। पहला मैच मेजबान छत्तीसगढ़ और हॉकी मध्यप्रदेश के मध्य हुआ। जिसमें हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 3-0 गोल से पराजित करते फाइनल में अपनी जगह बनाई।

मध्यप्रदेश ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते मैच के 5वें मिनट में मिताली शर्मा, 9वें मिनट में स्नेहा पटेल, 49वें मिनट में काजल द्वारा किए गए गोल की बदौलत फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं आज का दूसरा मैच हॉकी महाराष्ट्र विरुद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य खेला गया। एकतरफा मुकाबले में हॉकी महाराष्ट्र ने राजस्थान को 22-0 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। हॉकी महाराष्ट्र की ओर से खुशी ने 10, निकू ने 4, संजना और तनिष्का ने 2-2 तथा रोशनी, किशोरी, संजना ने 1-1 गोल किया। मैच के पूर्व उपस्थित अतिथियों ने मैदान के मध्य जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी।

मैच में प्रिया दुबे, अनामिका शर्मा, राजवीर कौर, कुलदीप कौर, खुशबू सिसोदिया, अमृता सेन, पिंकी नायक, ईशानी पटेल ने निर्णयक व तकनीक अधिकारी की भूमिका निभाई। वंदना रघुवंशी टेक्निकल डेलीगेट के रूप में शामिल थी। आज के मैच में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी परमजीत सिंह तथा मृणाल चौबे, आशा थामस, चंदन भारद्वाज, शकील अहमद, दिग्विजय श्रीवास्तव,

### फाइनल मैच आज

प्रतियोगिता का फाइनल मैच व समापन समारोह कल 29 मार्च को साढ़े सात बजे से अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित होगा। उक्त प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल के साथ प्रथम पुरस्कार 180000, द्वितीय पुरस्कार 144000, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार 90000 हजार रुपए का चेक प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हाकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता सहित आयोजन समिति ने समस्त खेलप्रेमी दर्शकों से उपस्थिति की अपील की है।

# लोक मंडई का आयोजन आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोक मंडई का आयोजन इस बार ब्लाक के अधीन आने ग्राम तुमडीबोड में कल 29 मार्च से रखा गया है। तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के नामी कलाकार शिरकत करेंगे।

आयोजन समिति के सदस्य अजय जैन ने बताया कि कल 29 से 31 मार्च तक ग्राम में लोक मंडई का आयोजन रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन तीन दिनों तक ख्याति प्राप्त कलाकारों की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि पहले दिन कल 29 मार्च को पंडवानी गायिका तरुणा साहू, रिंकी देवांगन, दुष्यंत हरमुख, आरू साहू, सोहिल रंगारी, जस सम्राट दुकालू यादव, शेख अमीन, छाया चंद्राकर, शैलेश साव, कन्हैया साहू, सुबोध पटेल की प्रस्तुति होगी। अतिथि कलाकार अनुज शर्मा होंगे। इसी क्रम में 30 मार्च को पंथी नृत्य एवं गायन नाथू नवागांव, राजेश सिन्हा, कंचन जोशी, पंडित विवेक शर्मा, हेमलाल कौशल, नवीन देशमुख, चंपा निषाद, सुनील सोनी, कॉमेडी कचरा बोदरा उर्वशी साहू, उपासना वैष्णव का कार्यक्रम होगा। 31 मार्च को हिमानी वासनिक का भरथरी गायन, सुनील सिहोरे, मिथलेश्वरी सेन, दिनेश वर्मा, खिलेश यादव, संजय सुरीला, शशि लता, अनुराग शर्मा, एवं अलका चंद्राकर परगनिया आदि कलाकारो की प्रस्तुति होगी।

### मंच पर दिखेगा जगन्नाथ मंदिर

जानकारी के अनुसार मंच पर पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति दर्शकों को देखने मिलेगी, जिसे पश्चिम बंगाल और असम से आए कलाकार अंतिम रूप दे रहे हैं। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने व्यापक तैयारियां की जा रही है। भव्य मंच के साथ वाहनों की पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थस्की जा रही है। गौरतलब है कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला पुरूष शामिल होते हैं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अनिषेक सुराणा पिता श्री महावीर सुराणा पता नेहरू नगर भिलाई, छत्तीसगढ़ की स्वार्जित भूमि जिसका खसरा क्रमांक 15 / 5, ग्राम- पिसेगाँव पटवारी, हल्का नंबर- 00025, राजस्व निरीक्षक मंडल- अंजोरा (ख) में स्थित है, जिसके संदर्भ पर सूचना मालूम होयें की खसरा क्रमांक 14/1 एवं 15/1 ग्राम- पिसेगाँव पटवारी, हल्का नंबर- 00025, राजस्व निरीक्षक मंडल- अंजोरा (ख) की भूमि मेरे पक्षकार की भूमि के रकबे से प्रभावित हो रही है। उक्त भूमि स्वामी गिरीश टाँक द्वारा मेरी निजी भूमि को आम रास्ता बता कर लोगो को गुमराह कर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संदर्भ पर उक्त विवादित भूमि खसरा 14 / 1 एवं 15/1 का वाद प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में लंबित है।

अतः यह आम सूचना के माध्यम से ताकीत किया जाता है की खसरा क्रमांक 14/1 एवं 15 / 1 ग्राम पिसेगाँव, पटवारी हल्का क्रमांक- 00025, राजस्व निरीक्षक मंडल- अंजोरा (ख) को खरीदी बिक्री ना करे एवं व्यर्थ के कानूनी विवाद से बचें अन्यथा उपरोक्त भूमि पर खरीदार को कोई स्वत्व व हक प्राप्त नहीं होगा एवं उसे भी न्यायालय में पक्षकार के रूप में संयोजित किया जावेगा।

तदानुसार आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है।

स्थान :- धमतरी

तारिक : 27/03/2026

**राहुल चोपड़ा अधिवक्ता**
(भारत का सर्वोच्च न्यायालय)
ऑफिस पता :- रतन विला राम बाग
धमतरी छत्तीसगढ़। मो.: 9340900009

## सार समाचार

### समावेशी शिक्षा पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला

**राजनांदगांव।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) जिला परियोजना कार्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान में एक दिवसीय समावेशी शिक्षा पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन बीआरसी कार्यालय राजनांदगांव में संपन्न हुआ। कार्यशाला में एपीसी विश्वकर्मा




एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक के अधिकारीगण, विभिन्न ब्लॉक राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया आदि से उपस्थित प्राचार्यगण, व्याख्यातागण, पालकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना से हुआ। तत्पश्चात एपीसी विश्वकर्मा ने समावेशी शिक्षा पर सबको संबोधित किया। प्रोफेसर मेश्राम ने दिव्यांगता के प्रकारों एवं उनके जीवन को बेहतर बनाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डोंगरगांव ब्लॉक से व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने समावेशी शिक्षा पर कविता पाठ किया।

### बजरंगपुर नवागांव में मूर्ति स्थापना आज

**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज द्वारा कल रविवार को नवनिर्मित मंदिर में भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना एवं कर्मा जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू करेंगे। विशेष अतिथि जिला साहू संघ के नीलमणी साहू, कमलकिशोर साहू, मयंक हुमन साहू, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, चेयरमैन पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, इंजीनियर शेखर, राजेश साहू, राहुल चौबे उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम 11 बजे विशेष आरती, 12 बजे पदाधिकारियों का सम्मान, 01 बजे अतिथियों का स्वागत उद्बोधन, शाम 04 बजे संध्या आरती एवं प्रसादी, शाम 07 बजे नार्था दुर्ग का जस झांकी का कार्यक्रम होगा। समाज के अध्यक्ष डॉ. अनिल साहू एवं सचिव अनूप साहू ने स्वजातीयजनों से अधिक से अधिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान दिया जाता है। पहला प्रसव ऑपरेशन से, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म, वजन या ऊंचाई कम वाली, कम उम्र मं गर्भधारण करने वाली, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या अन्य बीमारी से ग्रसित महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाती है। कलेक्टर के निर्देशुनसार मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हाई उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर प्रत्येक सप्ताह दूरभाष के माध्यम से स्वास्थ संबंधी जानकारी एवं सलाह दी जा रही है। प्रसव के 15 दिन पूर्व गर्भवती माताओं के घर प्रतिदिवस मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि वर्तमान में 1597 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में 1492 का प्रथम सोनोग्राफी एवं 1100 महिलाओं का द्वितीय बार सोनोग्राफी किया जा चुका है।

## पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

# कलेक्टर ने मोटाई मापकर परखी निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मासूम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम पटेवा से पेंड्री तक निर्माणाधीन सड़क का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर स्वयं सड़क की मोटाई मापकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का आकलन किया तथा वर्तमान प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सड़कों को बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री, लेयरिंग एवं डामरीकरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। आवश्यकतानुसार तकनीकी परीक्षण नियमित रूप से कराए जाएं।



### ग्रामीणों से की चर्चा

कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर सड़क निर्माण के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया ली। ग्रामीणों ने बताया कि नई सड़क बनने से स्कूल, बाजार, स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना आसान हो जाएगा। बारिश के मौसम में पहले आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था, अब नई सड़क बनने से संपर्क सुगम हो जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायतों और सुझावों को भी गम्भीरता से सुना भी।

### गुणवत्ता की जांच

कलेक्टर ने सड़क के सोल्डर को गुणवत्ता के साथ मजबूत बनाने के निर्देश दिए। जिससे सड़क लंबे समय तक चल सके और सड़क की टिकाऊ क्षमता बढ़ सके। साथ ही आवश्यक स्थानों पर स्पष्ट साइनेज बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए। जिससे आवागमन करने वालों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण क्षेत्र में उचित बैरिकेटिंग कर कार्य को पूरी तरह सुरक्षित माहौल में संचालित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि पूरे निर्माण कार्य में गुणवत्ता सर्वोपरि रहे और किसी भी चरण में मानकों से समझौता न किया जाए। कलेक्टर ने सभी निर्माणाधीन मार्गों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## ठेठवारपारा में नाली निर्माण के लिए मेयर ने किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव साफ-सफाई एवं निर्माण कार्यों का जायजा लेने तथा वार्डवासियों से भेंट मुलाकात करने वार्डों में जाने की कड़ी में मंगलवार को वार्ड नं. 37 पहुंचकर पार्षद जैनम बैद के साथ वार्ड भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू होकर साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किया।

महापौर श्री यादव वार्ड नं. 37 के आजाद चौक, ठेठवारपारा, बसंतपुर थाना रोड में पैदल घूमकर वार्डवासियों से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह वार्ड शहर के मध्य का व्यावसायिक क्षेत्र है, जहां मकान के अलावा दुकानें भी है। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि अपने दुकान में डस्टबिन रखें तथा निगम के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा डाले, अपने प्रतिष्ठान व घर के आसपास साफ-सफाई रखे, स्वच्छता अपनाएं। महापौर श्री यादव ठेठवारपारा में नाली निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर क्षेत्रवासियों से कहा कि नाली निर्माण में सहयोग करें। अपने घर व दुकान के पास नाली निर्माण में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसका ध्यान रखें और सीधा नाली निर्माण में कोई अवरोध न हो, इसका ध्यान रखे, क्योंकि आपके घरों के पानी निकासी के लिए ही नाली बनाया जाएगा।

## राजनांदगांव संभाग के डाकघरों में अब अंतर्राष्ट्रीय पार्सल सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डाक विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते राजनांदगांव संभाग अंतर्गत आने वाले प्रधान डाकघर एवं उपडाकघरों में अंतर्राष्ट्रीय पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री की बुकिंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के माध्यम से नागरिक अपने पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित, सरल एवं व्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से भेज सकते हैं। डाक विभाग की यह सेवा पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय है। पार्सल की सुरक्षित हैंडलिंग, उचित पैकेजिंग संबंधी मार्गदर्शन तथा समयबद्ध सेवा प्रदान की जाती है। साथ ही ऑनलाइन ट्रैकिंग की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इन डाकघरों में बुकिंग हेतु नागरिक अपना पार्सल,



प्राप्तकर्ता का पूर्ण एवं सही पता तथा वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर एवं पार्सल का वजन एवं निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रैकिंग रसीद प्राप्त कर सकते है। ट्रैकिंग रसीद के माध्यम से पार्सल की स्थिति ऑनलाइन देखी जा सकती है। डाक विभाग द्वारा बड़ा एवं भारी अंतर्राष्ट्रीय पासल के लिए डाकघर तक निःशुल्क पिकअप की सुविधा प्रदान की जा रही है। नागरिक, व्यापारी, विद्यार्थी एवं प्रवासी परिवार इस सुविधा का लाभ ले सकते है।

## विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 23 लाख 94 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने ग्राम रामपुर में नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 94 हजार रुपए, ग्राम मोहभट्ठा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम चिद्दो में शेड निर्माण कार्य हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम सांगिनकछार में शेड निर्माण कार्य हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम अड़ाम में अटल सद्भावना भवन निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम माथलडबरी में अटल सद्भावना भवन निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम साल्हे में शेड निर्माण कार्य हेतु 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत द्वारा राशि स्वीकृत करने के बाद अब शीघ्र ही जिले के गांवो में निर्माण काम शुरू हो जाएगें।







संवाद कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय शर्मा


सासंद संतोष पाण्डेय


पंडरिया विधायक भावना बोहरा


पूर्व विधायक ममता चंद्राकर


एसपी धर्मेन्द्र सिंह


कलेक्टर गोपाल वर्मा


डीएफओ निखिल अग्रवाल


नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी


कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जासयवाल


शिक्षक रमेश चंद्रवंशी


जिला मुख्यालय में आयोजित हरिभूमि आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में पधारे जनप्रतिनिधि के साथ हरिभूमि आईएनएच की टीम


महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत


साहित्यकार आदित्य श्रीवास्तव


पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी


किसान कांग्रेस अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी


आकाश आहुजा


सत्ता पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने जिला संवाद कार्यक्रम में रखे अपने विचार


डॉ अतुल जैन


पवन देवांगन


साहित्यकार मनजीत छाबड़ा


हरिभूमि संवाददाता, दिनेश पाण्डेय


हरिभूमि संवाददाता, मुकेश अवस्थी


वरिष्ठ पत्रकार, डॉ प्रेमकांत मिश्रा


अंजली चंद्रवंशी


निर्मल घटोले


अंकिता शर्मा


आईएनएच, शैलेश पाण्डेय

# कुई-कुकदुर क्षेत्र के लिए फायर ब्रिगेड की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

कुई-कुकदुर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को देखते हुए अब क्षेत्र में फॉयर ब्रिगेड की स्थायी व्यवस्था की मांग जोर पकड़ने लगी है। युवा समाजसेवी अशोक मरावी (महीडबरा) ने शासन-प्रशासन से जल्द फॉयर ब्रिगेड उपलब्ध कराने की मांग की है। अशोक मरावी का कहना है कि यदि कुई-कुकदुर में फॉयर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध कराई जाती है, तो आसपास के 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को समय पर राहत मिल सकेगी और बड़े नुकसान से बचाव संभव होगा।



हाल ही में शुक्रवार को बदना पंचायत के अमलीटोला में एक घर में आग लगने की घटना सामने आई। उस समय घर के लोग शादी में बारात गए हुए थे। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई। फॉयर ब्रिगेड को सूचना देने के बावजूद दमकल वाहन करीब 3 घंटे बाद पहुंचा, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र में पहले भी कई आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। महीडबरा, बदना, नेऊर, दमगढ़, अमनिया, पुटपुटा, भाखूर, पंडरीपानी, कामठी, खाम्ही, पोलमी और आगरपानी सहित कई पंचायतों में आग लगने से धान, पैरा, गन्ना, मकान और अन्य संपत्ति जलकर खाक हो चुकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि कुई-कुकदुर थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं होने के कारण आग लगने पर तत्काल मदद नहीं मिल पाती। मुख्यालय से दमकल वाहन आने में 2 से 3 घंटे का समय लग जाता है, जिससे आग विकराल रूप ले लेती है और नुकसान बढ़ जाता है।

# प्राणकापा में कांग्रेस की मंडल स्तरीय बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत प्राणकापा में मंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार और बूथ तथा पंचायत स्तर पर इकाइयों के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। घनश्याम साहू ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और बीएलए के गठन से संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से पार्टी का आधार और सुदृढ़ होगा। मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर ने बैठक में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन गठन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। संगठन सृजन प्रभारी जितेंद्र चंद्राकर ने कांग्रेस संगठन में एकरूपता और समन्वय पर बल दिया। इस दौरान जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# जो भगवान के भी संकट दूर कर दे उसे हनुमान कहते हैं: पं आनंद उपाध्याय

## श्री हनुमत यज्ञ और हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पलानसरी में यज्ञाचार्य पं चंद्रभूषण पाठक के आचार्यत्व में श्री हनुमत यज्ञ और हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ग्रामाचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में याज्ञिक विद्वानों के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जा रहा हैं। श्री हनुमान यज्ञ में प्रवचन करते हुए धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि यज्ञ शब्द के तीन अर्थ हैं देवपूजा, संगतीकरण और दान यज्ञ वह दिव्य साधन है, जिसके द्वारा भगवान हमारे यहां आते हैं, हमारे अंदर इतनी समर्थ नहीं है कि हम भगवान के धाम जा सकें पर यज्ञ सनातन धर्म की वह विधा है जिसके द्वारा भगवान अपने धाम से चल कर हमारे गांव में हमारे शहर में हमारे घर में आ जाते हैं। यज्ञ में भगवान को बुलाने की सामर्थ्य है। यह सारा संसार देवताओं के अधीन है, उनके अनुसार ही संसार चलता है, जो देवता हैं वह मंत्र के अधीन रहते हैं जो मंत्र है वह पवित्र तपस्वी ब्राम्हण के अधीन रहता है। इसलिए ब्राम्हण को लोग देवता कहते हैं। यज्ञ के अंतर्गत सत्संग भी चल रहा है, जिसमें मनुष्य जीवन की क्या दशा और दिशा है इस पर विचार करते हैं। कि हमारे जीवन की दिशा और दशा राष्ट्र को आगे बढ़ाने में राष्ट्र-धर्म का पालन करने में सहायक है कि नहीं हमारे जीवन के दशा ऐसी तो नहीं जिससे हमारे देश को नुकसान हो, हमारे जीवन की दशा ऐसी होनी चाहिए, जिससे सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार हो धर्म की कोई हानि ना हो हमारे जीवन की दिशा और दशा ऐसी होनी चाहिए, जिससे हमारे घर परिवार का मान, हमारे समाज का, देश का मान सम्मान बढ़े इसी चिंतन के लिए सत्संग होता है। भगवान ने कृपा करके मानव तन दिया है भगवान को पाने के लिए दिया है भजन करने के लिए दिया है।



श्री हनुमत यज्ञ के माध्यम से हनुमान महाराज के पावन चरित्र का श्रवण हम आप कर रहे हैं जो मनुष्यों के संकट को दूर करते हैं उसे भगवान कहते हैं और जो भगवान के संकट को दूर करते हैं, उन्हें हनुमान कहते हैं। हनुमान जी महाराज अतुलित बल के धाम हैं ज्ञान के सागर हैं भगवान राम के काम को करने में सदैव तत्पर रहते हैं, भगवान के मंगलमय चरित्र कथा को सुनने के लिए सदैव लालायित रहते हैं। प्रथम बार जब किष्किंधा कांड में हनुमान जी और भगवान राम की भेंट होती है उस समय हनुमान ने जो संभाषण किया है वाणी बोली है उसको सुनकर के भगवान राम हनुमान के वाणी कुशलता की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि हनुमान जी बहुत सुंदर वाणी बोल रहे हैं उनकी वाणी में किसी प्रकार का कोई दोष नहीं है कोई अशुद्धि नहीं है अत्यंत शुद्ध वाणी है सार्थक है धारा प्रवाह है और उद्देश्य को पूर्ण करने में समर्थ है हनुमान जी महाराज बातचीत करने में कुशल हैं, बात के मर्म को समझने वाले हैं, हनुमान जी मध्य स्वर में बात करते हैं, हनुमान जी की बात करने की कला इतनी अच्छी है कि कोई शत्रु वध करने के लिए तलवार उठाए हुआ हो यदि हनुमान जी बात करें तो शत्रु का हृदय भी बदल सकता है।

ऐसी वाणी में वही बात कर सकता है जिसने ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद का सम्यक अध्ययन किया हो बार-बार अभ्यास किया हो। जिन्होंने संपूर्ण व्याकरण का अध्ययन किया है बार-बार अभ्यास किया है वही इतनी शुद्ध और सार्थक वाणी में बात कर सकता है अर्थात श्री हनुमान महाराज संपूर्ण व्याकरण और वेदों के जानकार हैं। प्रतः सत्र में यज्ञ चलता है और 3 तीन बजे से प्रवचन चलता है।

## दो वर्षो से जारी निर्माण कार्य में पारदर्शिता का अभाव

# गोपीखार बांध पर बन रहे रिजॉर्ट में अनियमितता के आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार

वन परिक्षेत्र रेंगाखार के अंतर्गत सर्किल रेंगाखार स्थित गोपीखार बांध पर निर्माणाधीन रिजॉर्ट प्रोजेक्ट में अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जा रहे इस प्रोजेक्ट में निर्माण गुणवत्ता, लागत की पारदर्शिता और तकनीकी निगरानी को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। फाउंडेशन में घटिया सामग्री, जैसे नाले की मिट्टी मिश्रित रेत और डस्ट युक्त गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि आधारभूत संरचना कमजोर होगी तो निर्माण की दीर्घकालिक स्थिरता पर प्रभाव पड़ना तय है।

### सूचना बोर्ड नहीं, लागत अज्ञात

निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का सूचनात्मक बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे प्रोजेक्ट की लागत, कार्य का विवरण और एजेंसी की जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है। यह स्थिति सरकारी कार्यों में अनिवार्य पारदर्शिता के मानकों के विपरीत मानी जा रही है।

### दो वर्षो से चल रहा निर्माण कार्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह प्रोजेक्ट लगभग दो वर्षों से निर्माणाधीन है। इसके अंतर्गत दो रिजॉर्ट भवन, लगभग 360 मीटर लंबी दीवार, मुख्य मार्ग से संपर्क हेतु मुरूम सड़क, बोर खनन, वॉच टावर सह पानी टंकी तथा नाव क्रय जैसे कार्य शामिल हैं। इसके बावजूद अब तक प्रोजेक्ट की कुल लागत स्पष्ट नहीं की गई है।

### अधिकारियों के बयान भी विरोधाभासी

मामले में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रीतम सिंह नेताम ने बताया कि उनके पास प्रोजेक्ट रिपोर्ट या लागत संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं है और इस संबंध में जानकारी वन मंडल अधिकारी ही दे सकते हैं। वहीं सर्किल अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कहा कि वे उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्य कर रहे हैं और उनके पास भी प्रोजेक्ट की प्रति या एस्टीमेट उपलब्ध नहीं है।

### निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल

स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप है कि निर्माण स्थल पर किसी साइड इंजीनियर की नियमित उपस्थिति नहीं है और कार्य मुख्यतः मजदूरों व मिस्त्रियों के भरोसे संचालित हो रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के पालन को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है।

## क्षेत्र में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के गांव-भगतपुर, पीपरमाटी, धनेली, मोहतरा कला, कंझेटा, सेमरकोना, बसनी, पेंड्रीकला, कुण्डा एवं दामापुर क्षेत्र में रामनवमी का पावन पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री रामचंद्र एवं माता-सीता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में विशेष सजावट की गई और भक्ति गीतों एवं भए प्रगट कृपाला दीनदयाला जैसे भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान विष्णु के सातवें अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अयोध्या में राजा दशरथ के घर मध्यान्ह काल में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इस अवसर पर भक्तों ने उपवास रखकर भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की पूजा की तथा रामचरितमानस का पाठ किया। मंदिरों में विशेष पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। रामनवमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई, सत्य और मर्यादा की जीत का प्रतीक माना जाता है। प्रभु श्रीराम का जीवन त्याग, धैर्य और धर्म के पालन का संदेश देता है, जो आज भी समाज को प्रेरित करता





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130